वायरल वीडियो से मचा सियासी हड़कंप, पूर्व विधायक पर गंभीर आरोप

खास बातें

- जान को खतरे की आशंका के बाद पटरी पर मिला शव, पुलिस जांच में जुटी
- कौली की जमीन और पैसों के लेन-देन का मामला
- किसान की मौत ने बढ़ाई राजनैतिक सरगर्मी - हत्या या आत्महत्या उलझी गुत्थी

नवभारत न्यूज

विदिशा 27 अप्रैल, सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने जिले की राजनीति में सनसनी फैला दी.वीडियो में ग्राम वैहलोट निवासी गोविंद गुर्जर ने पूर्व विधायक शशांक भार्गव पर गंभीर आरोप लगाए हैं. वीडियो सामने आने के कुछ ही समय बाद गोविंद गुर्जर का शव पटरी पर क्षत विक्षप्त हालत में मिला. जिसके बाद मामला और भी संवेदनशील हो गया. फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और वायरल वीडियो की सत्यता की भी पड़ताल की जा रही है.

वायरल वीडियो में गोविंद गुर्जर ने दावा किया है कि वह पिछले तीन वर्षों (2023, 2024 और 2025) से पूर्व विधायक की जमीन को कौली (बटाई) पर लेकर खेती कर रहा था. उसने आरोप लगाया कि इस दौरान उसे उसकी मेहनत का पूरा मेहनताना और हिसाब के पैसे नहीं दिए गए. वीडियो में उसने जमीन और पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद होने की बात भी कही है. इतना ही नहीं, गोविंद गुर्जर ने वीडियो में अपनी जान को खतरा बताते हुए कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने कथित रूप से यह भी कहा कि उसके साथ किसी बड़ी साजिश की आशंका है। वीडियो में एक रिवाल्वर का जिक्र करते हुए उसने अपने ऊपर खतरे की बात दोहराई, जिससे मामले ने और तूल पकड़ लिया है. मामला उस समय और गंभीर हो गया जब देर शाम गोविंद गुर्जर का उसका शव रेलवे ट्रैक पर मिला, जहां पटरियों के बीच उसका सिर अलग अवस्था में पाया गया. इस घटना ने पूरे जिले में सनसनी फैला दी है और लोग तरह-तरह की आशंकाएं जता रहे हैं.

राजनीतिक हलकों में इस पूरे मामले को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है और इसे विदिशा की राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है. पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है. वायरल वीडियो और उसमें लगाए गए आरोपों को भी गंभीरता से लिया गया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना के पीछे क्या कारण हैं, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा. वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर लोगों में आक्रोश और जिज्ञासा दोनों देखी जा रही है.शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज मे भेज दिया गया है जहां पर सिविल लाइन पुलिस भी पहुंच गई. साथ ही गोविंद गुर्जर की मौत की जानकारी लगने पर कई नेता भी मेडिकल कालेज पहुंच गए.

इस मामले में पूर्व विधायक शशांक भार्गव का कहना है कि यह राजनैतिक साजिश प्रतीत हो रही हैं. वीडियो को देखकर कयास लगाए जा रहे हैं कि किसी ने यह वीडिया जबदस्ती बनवाया है.उसके साथ मारपीट का भी अंदाजा लगाया जा रहा है. इस वीडियो की पूरी जांच की जाए जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा. जनता के सामने सच आना जरूरी है.उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले किसानों के लिए आंदोलन किया था. उससे भी कुछ नेताओं को परेशानी हुई थी.

लुटेरे इतने शातिर कि नहीं रखते थे मोबाइल, कहीं ट्रेस न हो जाएं

- 19 दिन में दबोचे बदमाश,18 लाख का मशरूका बरामद
- पिस्टल, कारें और सोना-चांदी जब्त, दो आरोपी अब भी फरार

नवभारत न्यूज

हैदरगढ़ 27 अप्रैल,थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुंजारी के पास पुलिया पर हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. 8 अप्रैल को शाम करीब 6 बजे बांसादेही निवासी मनोज कुमार सोनी पर तीन युवकों ने हमला कर उनके पास से सोने-चांदी के आभूषणों से भरा बैग लूट लिया था.

घटना के बाद थाना प्रभारी उनि रोहित कुमार कौरव एवं टीम मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई. पीड़ित की शिकायत पर लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी शिखा भल्लावी के मार्गदर्शन में पांच टीमों का गठन किया गया.पुलिस ने 30 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, साइबर एक्सपर्ट्स की मदद ली और तकनीकी व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर 19 दिनों में आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया. आरोपी इतने शातिर थे कि मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते थे.पकड़े गए आरोपियों में शिवा उर्फ भावसिंह कुर्मी (बीना), अजय यादव (ललितपुर), जगदीश उर्फ हल्के कुर्मी (टीकमगढ़) और रणवीर उर्फ भगोले बुंदेला (अशोकनगर) शामिल हैं. वहीं इन्दु राजा और सुमित यादव अभी फरार हैं. घटना में इन्दु, जगदीश और भगोले ने वारदात को अंजाम दिया था, जबकि अन्य आरोपियों ने सहयोग किया.

पिस्टल, कारतूस, कारें और सोना-चांदी जब्त . बड़ी वारदात की फिराक में थे आरोपी

पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क टीम ने उन्हें पकड़ लिया. आरोपी रणवीर उर्फ भगोले के पास से एक पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किया गया.

इसके अलावा पुलिस ने एक स्कॉर्पियो और एक ब्रेजा कार (कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपए), करीब 2 किलो चांदी (लगभग 5 लाख रुपए) और 2 तोला सोना (करीब 3 लाख रुपए) सहित कुल लगभग 18 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया है.पुलिस के अनुसार पूछताछ में सामने आया कि यदि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया जाता, तो वे किसी अन्य गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे.इस कार्रवाई में निरीक्षक गजेन्द्र सिंह बुंदेला, निरीक्षक गोकुल प्रसाद अजनेरिया, थाना प्रभारी रोहित कुमार कौरव, उपनिरीक्षक प्रकाश भिलाला, उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह डाबर, उपनिरीक्षक गौरव रघुवंशी सहित साइबर सेल और पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

अवैध परिवहन करने पर डंपर और ट्रैक्टर ट्राली जप्त

नवभारत न्यूज

विदिशा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई जारी है। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा एवं खनि निरीक्षक विदिशा द्वारा लटेरी तहसील के ग्राम खलेनी में गिट्टी का अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने पर डंपर को जप्त कर पुलिस थाना लटेरी की अभिरक्षा में रखवाया गया है.अन्य कार्यवाही में 1 ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर थाना मुरवास, तहसील लटेरी में रखा गया है. उक्त दोनों वाहनों के अवैधकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत प्रकरण तैयार कर कलेक्टर महोदय के न्यायालय में प्रेषित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी.

लायंस क्लब विदिशा सनराइज की नई कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज

विदिशा. लायंस क्लब विदिशा सनराइज की निर्वाचन समिति के अध्यक्ष लायन अमोल अग्रवाल के नेतृत्व एवं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स लायन देवांश अग्रवाल और लायन पलाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई.

घोषणा के अनुसार लायन डॉ. अमित ठाकुर को अध्यक्ष, लायन शोभित भार्गव को सचिव, लायन तपिश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष तथा प्रथम उपाध्यक्ष पद पर लायन प्रीति अग्रवाल को मनोनीत किया गया.इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का स्वागत किया. सभी साथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में क्लब सेवा, समर्पण और नेतृत्व के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा.कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन शालिनी भार्गव, सचिव लायन प्रणिता कन्हेरकर, कोषाध्यक्ष लायन नीतू साहू, प्रथम उपाध्यक्ष लायन डॉ. प्रीति कौर, लायन चेतन शाह एवं लायन राजेंद्र खेड़ा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

पवित्र मन और दिव्य संस्कार ही ला सकते हैं स्वर्ग-ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र में आयोजित 'शिव दर्शन से स्वर्णिम संस्कृति' कार्यक्रम में 41 फीट के विशाल शिवलिंग के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है. शहर में पहली बार हो रहे इस आयोजन को लेकर नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है.कार्यक्रम में शिवलिंग के साथ देवी-देवताओं की सजीव झांकियों के दर्शन भी कराए जा रहे हैं. साथ ही श्रद्धालु राजयोग मेडिटेशन का अनुभव कर रहे हैं, जिससे उन्हें मानसिक शांति और सुकून की अनुभूति हो रही है.ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सदाकाल के सुख और शांति का वरदान केवल निराकार परमपिता शिव से ही प्राप्त होता है. उन्होंने कहा कि न सुंदरता, न धन, न शक्ति और न ही विज्ञान समाज में सतयुग ला सकते हैं, बल्कि मनुष्य का पवित्र मन, दिव्य बुद्धि और श्रेष्ठ संस्कार ही स्वर्ग की स्थापना कर सकते हैं. यह गुण राजयोग के माध्यम से ही प्राप्त किए जा सकते हैं.कार्यक्रम में बाल कलाकारों ने परमात्मा शिव का सत्य परिचय प्रस्तुत करते हुए स्वर्णिम संस्कृति के दर्शन कराए, जिससे उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति हुई. कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति के महत्व को भी उजागर किया.

उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण, न हो असुविधा

एसडीएम ने दिए निर्देश

पारदर्शिता से हो गेहूं खरीदी

नवभारत न्यूज

हैदरगढ़. गुनौठा यूसुफ़गंज स्थित जगदीश वेयरहाउस उपार्जन केंद्र का एसडीएम शशि मिश्रा एवं नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन द्वारा औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्र पर मौजूद व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संतोष व्यक्त किया.

एसडीएम शशि मिश्रा ने उपार्जन केंद्र के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए. उन्होंने कहा कि गेहूं उपार्जन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से संचालित की जाए, ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े.निरीक्षण के दौरान केंद्र पर साफ-सफाई, तौल व्यवस्था, भंडारण और अन्य सुविधाएं बेहतर एवं व्यवस्थित पाई गईं. नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन ने बताया कि उपार्जन केंद्र पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं और किसानों का गेहूं समय पर तौला जा रहा है.उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों की सुविधा को लेकर पूरी तरह सजग है और लगातार निगरानी की जा रही है. इस निरीक्षण से किसानों में विश्वास बढ़ा है और उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी है.

कृषि आदान विक्रेताओं ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

- दुकानें बंद रख किया विरोध
- मांगें न मानीं तो देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

नवभारत न्यूज

कुरवाई. 'कृषि आदान विक्रेता संघ' के आह्वान पर सोमवार को क्षेत्र के खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल करते हुए अपनी दुकानें बंद रखीं. इसके बाद व्यापारियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में पिछले 10 वर्षों से लंबित 12 प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की गई है. संघ के अनुसार उर्वरक कंपनियों द्वारा खाद के साथ अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग को अपराध घोषित किया जाए, डीलर मार्जिन बढ़ाकर 8 प्रतिशत किया जाए और खाद की डिलीवरी सीधे विक्रेताओं तक सुनिश्चित की जाए.इसके अलावा सीलबंद पैकिंग का सैंपल फेल होने पर विक्रेता के बजाय निर्माता कंपनी पर कार्रवाई करने तथा सथी पोर्टल की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग भी उठाई गई.व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो आगामी खरीफ सीजन से पहले देशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी.इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय कृषि आदान विक्रेता उपस्थित रहे और एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की.

रोजगार के लिए दिए जा रहे हैं अनेक अवसर-कल्पेश ठाकुर

- कुरवाई आगमन पर बोले प्रदेश प्रवक्ता
- योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना प्राथमिकता

नवभारत न्यूज

कुरवाई. भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता कल्पेश सिंह ठाकुर ने कहा कि बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रही है और भविष्य में इसके और बेहतर परिणाम सामने आएंगे. वे अपने कुरवाई आगमन पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे.

स्वागत से अभिभूत होकर उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता संगठन को मजबूत करना और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना रहेगी. उन्होंने स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का भी आश्वासन दिया.विपक्ष की आलोचनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास के मुद्दों पर कार्य कर रही है और जनहित के प्रति प्रतिबद्ध है.इस अवसर पर सुश्री सोना सप्रे, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष हरि सिंह चौहान, विनोद जैन, वरुण चौबे, मोहित रघुवंशी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गिरजेश साहू, अमित सैनी, राहुल पटवा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने उन्हें स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया.

प्रदेश प्रवक्ता बनने पर कल्पेश ठाकुर का स्वागत

नवभारत न्यूज

कुरवाई. भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कल्पेश ठाकुर के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त होने के बाद प्रथम नगर आगमन पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा. मंडी बामोरा रेलवे स्टेशन पर उनके पहुंचते ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ उनका स्वागत किया.स्टेशन से लेकर उनके निवास तक विशाल चल समारोह निकाला गया. इस दौरान मुख्य मार्गों पर व्यापारियों और नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर और आतिशबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया.मंडी बामोरा के बाद कुरवाई में भी स्वागत का सिलसिला जारी रहा. विधायक कार्यालय पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए, जहां कल्पेश ठाकुर का भव्य स्वागत किया गया. इस दौरान कुरवाई और बीना विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं का संगम देखने को मिला.इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे.

28 अप्रैल को मॉक ड्रिल आयोजित

नवभारत न्यूज

विदिशा. प्रदेश के गृह विभाग के निर्देशानुसार नागरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 28 अप्रैल को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा.होमगार्ड जिला कमांडेंट मयंक जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम 7 बजे पुलिस लाइन क्षेत्र में सिविल डिफेंस एयर रेड एवं ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित होगी. इस अभ्यास के माध्यम से आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों का परीक्षण किया जाएगा.मॉक ड्रिल के दौरान एयर रेड अलर्ट, ब्लैकआउट प्रक्रिया, सुरक्षित निकासी, सर्च एंड रेस्क्यू सहित अन्य आपातकालीन गतिविधियों का व्यावहारिक अभ्यास किया जाएगा. इसमें पुलिस, होमगार्ड, सिविल डिफेंस, एनसीसी कैडेट्स और विभिन्न विभागों की सहभागिता रहेगी.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

समस्या | **पाइपलाइन में लीकेज, धीमी रफ्तार से अटकी पेयजल योजना . निरीक्षण में सामने आईं खामियां**

सांची में गहराया जल संकट, अधूरी योजना से बढ़ी परेशानी

नवभारत न्यूज

सांची. भीषण गर्मी के बीच विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगरी सांची में जल संकट विकराल रूप लेता जा रहा है. नगर परिषद के ट्यूबवेल जवाब दे रहे हैं, जिससे पूरे नगर में पेयजल संकट गहराने लगा है.

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत एवं सीएमओ रामलाल कुशवाहा ने सोमवार को नीमखेड़ा नदी स्थित जलप्रदाय प्लांट और पाइपलाइन का निरीक्षण किया. इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए.जानकारी के अनुसार, करीब 1.25 करोड़ रुपए की लागत से जलसंवर्धन योजना के तहत सांची में पेयजल आपूर्ति का कार्य अर्बन डेवलपमेंट कंपनी को सौंपा गया था. वर्ष 2020 में शुरू हुई यह योजना 2023 तक पूर्ण होनी थी, लेकिन समयसीमा बीतने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है.नगर में पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सड़कों की खुदाई तो कर दी गई, लेकिन जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी. निरीक्षण के दौरान करीब 4 किमी पाइपलाइन की जांच में कई स्थानों पर लीकेज और गुणवत्ता में कमी पाई गई. कुल 10 किमी पाइपलाइन में से कई हिस्सों में पानी रिसाव के कारण नगर तक पानी पहुंचना मुश्किल हो रहा है.नगर परिषद द्वारा कई बार पत्राचार और निर्देश देने के बावजूद कार्य में अपेक्षित गति नहीं आई है, जिससे करोड़ों की योजना अब सवालों के घेरे में है.

क्या कहते हैं जिम्मेदार

नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने बताया कि निरीक्षण में पाइपलाइन में लीकेज और गुणवत्ता संबंधी खामियां सामने आई हैं, जिसकी जानकारी कलेक्टर को दी गई है. कंपनी को शीघ्र जलापूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं.सीएमओ रामलाल कुशवाहा ने कहा कि कार्य में देरी के कारण ट्यूबवेल का जलस्तर गिरता जा रहा है. मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस वर्ष भी सुचारू जलापूर्ति पर संशय है, फिर भी प्रयास जारी हैं.अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के इंजीनियर आकाश ने बताया कि प्लास्टिक पाइपलाइन में लीकेज की समस्या आई है, जिसे ठीक किया जा रहा है. उन्होंने एक सप्ताह के भीतर जलापूर्ति शुरू करने का दावा किया है.

नाबालिग किशोरी का बाल विवाह रोका गया

- महिला बाल विकास विभाग की समझाइश से टली शादी
- परिजनों ने 18 वर्ष के बाद विवाह पर दी सहमति

नवभारत न्यूज

विदिशा. चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से प्राप्त शिकायत पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी का बाल विवाह समझाइश देकर रुकवाया.

जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांस्बा एवं सहायक संचालक विवेक शर्मा के निर्देशन में टीम को नटेरन परियोजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 06 शमशाबाद भेजा गया. टीम ने परियोजना अधिकारी एडी डंगवाल एवं शमशाबाद थाना प्रभारी राजपाल सिंह जादौन को भी मामले से अवगत कराया. थाना प्रभारी के निर्देश पर प्रधान आरक्षक राजेंद्र आर्य टीम के साथ मौके पर पहुंचे.जांच के दौरान बालिका की मार्कशीट में जन्मतिथि 05 जनवरी 2009 दर्ज पाई गई, जिससे उसकी आयु 17 वर्ष 03 माह पाई गई. बालिका का विवाह 29 मई 2026 को विदिशा निवासी युवक से तय हुआ था.टीम द्वारा परिजनों को बाल विवाह रोकथाम संबंधी कानून और दुष्परिणामों की जानकारी दी गई. समझाइश के बाद परिजनों ने लिखित सहमति दी कि बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही किया जाएगा. मौके पर कथन एवं पंचनामा की कार्रवाई भी की गई.कार्रवाई के दौरान बाल विवाह रोकथाम प्रभारी मुकेश ताम्रकार, सेक्टर पर्यवेक्षक सपना रैकवार, प्रधान आरक्षक राजेंद्र आर्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कामनी रैकवार, एकता रैकवार सहित अन्य मौजूद रहे.